ई.एस.-345

05078

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे | *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : (i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) ***सभी प्रश्नों की भारिता समान है।***

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :
भाषा शिक्षण के सामान्य सिद्धांत व शिक्षण सूत्र कौन-कौन से हैं? प्रत्येक की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

अथवा

क्रियात्मक अनुसन्धान के सम्प्रत्यय को स्पष्ट करते हुए हिन्दी भाषा शिक्षण में उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए और उदाहरण देकर उत्तर की पुष्टि कीजिए।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :
माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा शिक्षण के प्रमुख उद्देश्यों तथा उनसे सम्बन्धित व्यवहार परिवर्तनों की विस्तार से उदाहरण देकर विवेचना कीजिए।

अथवा

कहानी कथन क्या है ? यह विषय वस्तु को किस प्रकार रोचक बनाकर हिन्दी के ज्ञान को विकसित करने में सहायक है ? उदाहरण देकर विस्तार से वर्णन कीजिए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **120** शब्दों में होना चाहिए :

(i) हिन्दी पाठ्य पुस्तक के स्वरूप तथा उनकी विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ii) मातृभाषा शिक्षण के उद्देश्यों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(iii) कविता शिक्षण में वाचन तथा भाव-विश्लेषण का महत्त्व समझाइए।

(iv) कहानी के तत्वों पर प्रकाश डालते हुए कहानी शिक्षण के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

(v) कविता शिक्षण के प्रयोजनों को उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

(vi) पाठ के प्रस्तुतीकरण में तीन महत्त्वपूर्ण अंग कौन से हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(vii) "एक कुशल शिल्पी की भाँति शिक्षक को अपने विषय की सभी सूक्ष्म विशेषताओं का ज्ञान होना चाहिए।" इस कथन के संदर्भ में हिन्दी शिक्षक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का लगभग **600** शब्दों में उत्तर दीजिए :

माध्यमिक कक्षा में पढ़ाने के लिए व्याकरण का महत्त्व बताते हुए एक शीर्षक का चुनाव कर उसकी पाठ योजना तैयार कीजिए।